Source: - राजस्थान पत्रिका
Date:- 10 .01.2019
Page:- 11

3.77 करोड़ के सोने के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

डीआरआई के अधिकारियों ने माझदिया रेलवे स्टेशन से दबोचा



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कोलकाता. डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे माझदिया रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाकर 11.66 किलो सोने के बिस्कुट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जब्त सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3.77 करोड़ रुपए बताई जा रही है। बुधवार को दोनों तस्करों को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों से पूछताछ कर पीली धातु की तस्करी में लिप्त उनके अन्य साथियों के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय एजेन्सी के अधिकारियों को 7 जनवरी को बांग्लादेश से दो तस्करों के भारत-बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ कर गेदे इलाके में प्रवेश करने की सूचना मिला थी। एजेन्सी के अधिकारी तब से इनकी तलाश में जुटे थे। अधिकारियों ने राणाघाट और गेदे से आने वाली लोकल ट्रेनों की निगरानी बढ़ा दी थी। इसी बीच अधिकारियों को देर शाम माझदिया रेलवे स्टेशन पर दो युवक संदिग्ध हालत में घूमते हुए दिखे। तलाशी में उनके पास से प्लास्टिक के दो डिब्बों में सोने के 100 बिस्कुट बरामद हुए। सोने का उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीआरआई के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक सोने के बिस्कुट का वजन 116.64 ग्राम है। डीआरआई के अधिकारियों के अनुसार बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, भूटान और चीन से भारत में सोने की तस्करी की जा रही है। चालू वर्ष में अब तक डीआरआई ने बंगाल के पूर्वी-पश्चिमी सीमावर्ती इलाकों में अभियान चला कर 395 किलो ग्राम सोना और गहने जब्त कर चुका है, जिसका बाजार मूल्य 123 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

Scanned by CamScanner